राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने जस्टिस श्री शिन्दे को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई’

जयपुर, 21 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को सायं यहां राजभवन में जस्टिस श्री शिन्दे सम्भाजी शिवाजी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्री शिन्दे ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली।

समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने जस्टिस श्री शिन्दे को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं जस्टिस श्री शिन्दे के परिजन उपस्थित रहे।

––––